बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001
(पंजीयन सं०–633/2003)
E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक : 131 दिनांक : 24/10/2008

अध्यक्ष
अरूण चन्द्र मिश्र
(M) 9835281295
(M) 9939469410
(R) 0612-2526123

उपाध्यक्ष
* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(O) 9334387630
(F) 0612-2504498
(R) 0612-2288139

* अखलाक अहमद
(M) 9934280177
(O) 0612-2219693

महासचिव
सुशील कुमार
(M) 9431091417
(O) 9431818484

संयुक्त सचिव
* सच्चिदानन्द बड़ियार
(M) 9431093157
(O) 9431818610

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

कोषाध्यक्ष
चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901
(O) 9334387555

प्रेस विज्ञप्ति

1. बिहार प्रशासनिक सेवा के 46वीं बैच के परीक्ष्यमान उपसमाहर्त्ताओं का संस्थागत प्रशिक्षण समाप्त होने के उपरान्त संघ भवन में दिनांक 18.10.08 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की कार्यकारिणी की बैठक आहुत की गयी जिसमें इन प्रशिक्षु उपसमाहर्त्ताओं को भी आमंत्रित किया गया। बैठक में इन नवनियुक्त पदाधिकारियों से उनके प्रशिक्षण संबंधी अनुभवों पर चर्चा की गयी तथा कार्यकारिणी के सदस्यों महासचिव एवं अध्यक्ष ने उन्हें सम्बोधित करते हुये सरकार के कार्यो को पारदर्शिता के साथ जनता तक पहुँचाने का मार्गदर्शन एवं दिशा–निर्देश दिया।
2. बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की पुरानी माँग रही है कि बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थापन अनुमण्डल स्तर से प्रारम्भ की जाय। इस संबंध में प्रशिक्षु पदाधिकारियों के प्रशिक्षण समाप्त होने पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इन्हे प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान (वाल्मी) में सम्बोधित एवं मार्गदर्शित किया गया था। अपने सम्बोधन के क्रम में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा संघ की माँग पर अपनी सहमति देते हुये कहा कि बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थापन अनुमंडल स्तर से शुरू किया जायेगा ताकि वे वरीय प्रशासनिक पदों पर युवावस्था में ही पहुँच सकें। यह एक सराहनीय कदम है। बिहार प्रशासनिक सेवा संघ माननीय मुख्यमंत्री के इस घोषणा का स्वागत करता है एवं उम्मीद की जाती है कि इसका अनुपालन शीघ्र ही होगा।
3. विगत कुछ दिनों में बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों द्वारा विषम परिस्थितियों में भी पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से सराहनीय कार्य किया गया है। संघ यह आशा करता है कि राज्य सरकार द्वारा भी अपने इन पदाधिकारियों को आवश्यक प्रोत्साहन, सुविधा एवं सुरक्षा उपलब्ध करायी जायेगी।
4. अंत में बिहार प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारी श्री सुनील प्र0 श्रीवास्तव, उपसचिव, वित्त विभाग एवं श्री भवेश झा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनीगाछी (दरभंगा) के असामयिक निधन पर उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी श्रद्धांजली व्यक्त की गयी तथा उनके शोक संतप्त परिवारों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

Sushil 24/X/08
(सुशील कुमार)
महासचिव

ज्ञापांक:– 131 दिनांक:– 24/10/2008

प्रतिलिपि:–1. आकाशवाणी / दूरदर्शन को सूचनार्थ एवं प्रसारनार्थ प्रेषित।
2. सम्पादक सभी दैनिक समाचार पत्रो हिन्दी / अंग्रेजी को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित।

Sushil 24/X/08
(सुशील कुमार)
महासचिव